**गंडक परियोजना में मशीनों के फालतू पुर्जे**

2322. श्री द्वा० ना० तिवारी: क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गंडक परियोजना में अनेक मशीनें फालतू पुर्जे न होने के कारण बेकार पड़ी हैं और परियोजना का कार्य रुक गया है;

(ख) क्या यह सच है कि विदेशी मुद्रा की कमी के कारण फालतू पुर्जों का आयात नहीं किया जा रहा है ; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक हो, तो फालतू पुर्जों की सप्लाई का प्रबन्ध करने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री फख-रुद्दीन अहमद):(क) फालतू पुर्जों के न होने के कारण कुछ मशीनें बेकार पड़ी रहीं परन्तु इस कारण काम बिल्कुल बन्द कभी नहीं हुआ ।

(ख) विदेशी मुद्रा की कमी के कारण फालतू पुर्जों का आयात सीमित मात्रा में किया जा रहा है ।

(ग) फालतू पुर्जे कोसी परियोजना और दामोदर घाटी निगम से प्राप्त किये जा रहे हैं । मशीनों के संभरकों से भी पुर्जे खरीदे जा रहे हैं जिनको आयात के लिये आवश्यक लाइसेंस दे दिया गया है । कुछ एक आवश्यकताओं को अन्य भारतीय स्टाकिस्टों से पुर्जे खरीद कर भी पूरा किया जाता है ।

**बिहार राज्य में परिवार नियोजन**

2323. श्री द्वा० ना० तिवारी : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने वहां के लोगों को देने के लिये गर्भ निरोधक खरीदने के लिये कोई वित्तीय सहायता मांगी है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) और (ख). नहीं । गर्भनिरोधकों का सारा खर्च भारत सरकार वहन करती है ।

**Loan Assistance for Tungabhadra High Level Canal Scheme**

2324. **Shri Kolla Venkaiah:**
**Shri M. N. Swamy:**
**Shri Laxmi Dass:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**
**Shri Yashpal Singh:**

Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1254 on the 25th November, 1965 and state:

(a) whether the additional loan assistance sought by the Government of Andhra Pradesh in the current financial year for the Tungabhadra High Level Canal scheme has since been granted;

(b) if so, when and the amount granted; and

(c) if not, the reasons for delay?

**The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhruddin Ahmed):** (a) and (b). Against the request of the Government of Andhra Pradesh for additional loan assistance of Rs. 1.98 crores, two loans, one of Rs. 1 crore and another of Rs. 60 lakhs, were sanctioned to them on the 18th December, 1965 and the 31st January, 1966 respectively.

(c) Does not arise.

**Urban Community Development Projects in Rajasthan**

2325. **Shri Karni Singhji:** Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 853 on the 18th November, 1965 and state whether any decision has since been taken to start pilot projects for urban